www.ciah.icar.gov.in e-mail-ciah@nic.in
दूरभाष- 0151-2250147 फैक्स- 0151- 2250145

भाकृअनुप-केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान

श्री गंगानगर राजमार्ग, बीछवाल, बीकानेर-334 006 (राज)

ICAR-CENTRAL INSTITUTE FOR ARID HORTICULTURE

Sriganganagar Highway, Beechwal- BIKANER-334006

प्रेस विज्ञप्ति

15 दिवसीय "स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम" का आयोजन

17 सितंबर से निरंतर विभिन्न गतिविधियां हुई आयोजित

भारत सरकार एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली से प्राप्त दिशा-निर्देशों की अनुपालना में केंद्रीय शुष्क बागवानी संस्थान, बीकानेर द्वारा दिनांक 17 सितंबर से **"स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम"** 2024 का आयोजन किया गया ।

संस्थान के निदेशक **डॉ. जगदीश राणे** ने बताया कि इस बार यह "स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम" तीन प्रमुख बिंदुओं 1. स्वच्छता की भागीदारी, 2. श्रमदान द्वारा सम्पूर्ण स्वच्छता एवं 3. सफाई मित्र सुरक्षा शिविर पर केंद्रित था। इसी को ध्यान में रखते हुए संस्थान में पूरी सक्रियता के साथ इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने संस्थान के सभी सदस्यों से स्वच्छता को स्वभाव और संस्कार में अपनाते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने और आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया। इसी तारतम्य में संस्थान के सभी सदस्यों को सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्प के तौर पर जूट के थैलों (बैग) का वितरण भी किया गया।

संस्थान में इस अभियान के अध्यक्ष एवं नोडल अधिकारी **डॉ अजय कुमार वर्मा** ने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत संस्थान में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता शपथ के साथ हुई जिसमें संस्थान के समस्त सदस्यों ने स्वच्छता के प्रति सजग रहने और उसके लिए समय देने का संकल्प लिया। यह भी संकल्प लिया कि वो न तो स्वयं गदंगी करेंगे न किसी को करने देंगे। इसी दिन सभी ने "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अतर्गत एक-एक पेड़ भी लागाया। इस दौरान संस्थान परिसर के कई स्थानों पर सफाई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में एक वेस्ट टू वेल्थ (Waste to Wealth) विषय पर जागरूकता हेतु एक स्वच्छता कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। साथ ही संस्थान में कार्यरत सफाई कर्मियों का सम्मान भी किया गया।

(अजय कुमार वर्मा)
अध्यक्ष एवं नोडल अधिकारी
स्वच्छ भारत अभियान

स्वागतम्
WELCOME
स्वच्छता ही सेवा 2024
SWACHHATA HI SEVA 2024

स्वागतम्
WELCOME
स्वच्छता ही सेवा 2024
SWACHHATA HI SEVA 2024

स्वच्छता ही सेवा 2024
SWACHHATA HI SEVA 2024

ICAR
के
शु
बा
स
C
I
A
H
ICAR